16 मई 2022

कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

smc

Moneywise. Be wise.

प्रमुख खबरें

- यूक्रेन में युद्ध के कारण काला सागर में आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होने से भारत ने अप्रैल में रिकॉर्ड 14 लाख टन गेहूं का निर्यात किया है।
- 2021-22 में भारत से सूती कपड़ा निर्यात 15.29 अरब डॉलर तक पहुंच गया।
- सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में भारत का कोयला उत्पादन 29% बढ़कर 66.58 मिलियन टन हो गया है।
- भारत ने पशुपालन क्षेत्र के लिए अतिरिक्त 550,000 टन आनुवंशिक रूप से संशोधित सोयामील आयात करने की अनुमति दी है।
- यूएसडीए के अनुसार, 2021/22 में वैश्विक स्तर पर कपास उत्पादन 1.8 मिलियन बेल घटकर 118.4 मिलियन बेल रह गया, जबकि प्रतिकूल मौसम के कारण भारत में कपास उत्पादन 1 मिलियन बेल घटकर 25.5 मिलियन बेल रह गया।
- यूएसडीए अपनी नवीनतम मासिक रिपोर्ट में 2022/23 में विश्व स्तर पर सोयाबीन का उत्पादन 394.7 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया है।
- मलेशियाई पॉम ऑयल बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, 30 अप्रैल तक देश में पॉम तेल का कुल स्टॉक 11.5% बढ़कर 1.64 मिलियन टन हो गया। पॉम तेल का उत्पादन माह-दर-माह 3.6% बढ़कर 1.46 मिलियन टन हो गया, जबकि निर्यात माह-दर-माह 17.73 % कम होकर 1.05 मिलियन टन रह गया।
- वैश्विक आपूर्ति संकट के बीच मलेशिया पॉम तेल पर निर्यात कर को मौजूदा 8% से आधा करके 4%-6% कर सकता है।
- ब्राजील का चीनी उत्पादन अनुमान को संशोधित करके 3.1 मिलियन टन कर दिया गया है जो मार्च के पिछले अनुमान से 9 लाख टन कम है, लेकिन भारत और थाईलैंड में उत्पादन में बढ़ोतरी की संभावना से वैश्विक आपूर्ति में वृद्धि की उम्मीद है।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	06.05.22	12.05.22	बदलाव (%)
गुड़	1180.50	1243.00	5.29%
जीरा	20995.00	21790.00	3.79%
कपास	1742.00	1806.00	3.67%
धनिया	11590.00	11958.00	3.18%
मक्का	2204.00	2267.00	2.86%

MCX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	06.05.22	12.05.22	बदलाव (%)
कॉटन	46670.00	48640.00	4.22%
मेंथा ऑयल	1086.60	1130.90	4.08%
रबर	17212.00	17875.00	3.85%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	06.05.22	12.05.22	बदलाव (%)
स्टील	56300.00	55270.00	-1.83%
रिफाइंड सोया तेल	1608.00	1578.60	-1.83%
सोयाबीन	7439.00	7305.00	-1.80%
जौ	3230.50	3204.00	-0.82%
ग्वारेक्स	7963.00	7949.00	-0.18%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	06.05.22	12.05.22	बदलाव (%)
निकल	2325.00	2156.40	-7.25%
जिंक	326.10	306.30	-6.07%
चांदी	62548.00	58751.00	-6.07%
नेचुरल गैस	623.20	598.30	-4.00%
कच्चा तेल	8447.00	8174.00	-3.23%

साप्ताहिक समीक्षा

डॉलर इंडेक्स में तेजी और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में तेजी उछाल के कारण पूरे वित्तीय बाजार में बिकवाली के दबाव से सीआरबी इंडेक्स की तेजी पर रोक लग गई है। वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास के धीमेपन की चिंताओं के बीच व्यापारियों द्वारा सुरक्षित निवेश की तलाश के कारण अमेरिकी डॉलर दो दशक के उच्च स्तर पर पहुंच गया और साथ ट्रेजरी यील्ड में भी बढ़ोतरी हुई। इसके अलावा, अमेरिकी मुद्रास्फीति अनुमान से कम कम हुई है जिससे अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने मौद्रिक नीति को आक्रामक रूप से सख्त बनाए रखा। है। अमेरिकी उपभोक्ता कीमतें (सीपीआई) अप्रैल में साल-दर-साल 8.3% बढ़ी है। Investing.com द्वारा तैयार किए गए पूर्वानुमानों में 8.1% की वृद्धि की उम्मीद थी, जबकि मार्च में 8.5% की वृद्धि दर्ज की गई थी। डॉलर इंडेक्स में तेजी से बुलियन काउंटर में लगातार चौथे सप्ताह गिरावट हुई है। लेकिन एमसीएक्स सोने की कीमतों में गिरावट सीमित रही क्योंकि डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट हुई और 77.63 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। यूक्रेन में युद्ध और बीजिंग एवं शंघाई में कोविड-19 के खिलाफ कड़े लॉकडाउन ने यूरोप और एशिया में आर्थिक विकास को लेकर अनिश्चितता पैदा कर दी है। चीन में लॉकडाउन और इस साल अमेरिकी ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी की चिंताओं के कारण बेस मेटल की कीमतों पर दबाव बढ़ गया है जिससे पिछले सप्ताह तांबे की कीमतें लगभग पांच महीनों में सबसे कम हो गई है। मांग बढ़ाने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन देने की बीजिंग की अनिच्छा से भी धातुओं पर दबाव बना रहा। अप्रैल में चीन की कुल वाहन बिक्री एक साल पहले की तुलना में लगभग 48% कम हो गई, क्योंकि लॉकडाउन ने कारखानों और शोरूमों को प्रभावित किया, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में वृद्धि हुई और चीनी ब्रांडों ने वैश्विक प्रतिद्वंद्वियों से हिस्सा लिया। बढ़ती ब्याज दरों को लेकर घबराहट, दो दशकों में सबसे मजबूत अमेरिकी डॉलर, मुद्रास्फीति और संभावित मंदी की चिंताओं के कारण वैश्विक वित्तीय बाजारों के साथ-साथ तेल की कीमतें दबाव में रही। दुनिया कच्चे तेल के प्रमुख आयातक चीन में लंबे समय तक कोविड-19 लॉकडाउन ने भी बाजार को प्रभावित किया है। अमेरिका में, अमेरिकी रणनीतिक भंडार से रिकॉर्ड मात्र में तेल जारी करने रिहाई के कारण वाणिज्यिक कच्चे तेल के भंडार में पिछले सप्ताह बढ़ोतरी हुई लेकिन ईआईए के अनुसार, गर्मियों में ड्राइविंग सीजन की मांग से पहले गैसोलीन भंडार में गिरावट हुई है। नेचुरल गैस की कीमतों में अत्यधिक अस्थिरता रही है और कीमतें 505.9-642.7 के बीच तेजी से उठापटक करती रही। यूक्रेन के रास्ते यूरोप में रूसी नेचुरल गैस का निर्यात एक चौथाई तक कम हो गया है। यह पहली बार है जब आक्रमण के बाद से यूक्रेन के रास्ते से निर्यात बाधित हुआ है।

कृषि कमोडिटीज में, एमसीएक्स पर कॉटन की कीमतें 48880 के नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। वैश्विक स्तर पर कपास और धागे की कीमतों में तेज वृद्धि के बाद देश भर के धागा मिलों ने कपास की अपनी खरीद कम कर दी है। कपास की कीमतें पिछले तीन महीनों में 25% से अधिक बढ़ गई हैं क्योंकि कपास की कीमतें वर्तमान में 98,000-1,00,000 रुपये प्रति कैंडी पर चल रही हैं। कैस्टर की कीमतों में अच्छी उछाल दर्ज की है। अरंडी की मांग-आपूर्ति का संतुलन तेजी के पक्ष में है क्योंकि 2021-2022 के लिए अनुमानित खपत लगभग 19-20 लाख टन है जबकि उत्पादन और कैरी ओवर स्टॉक मिलाकर कुल सप्लाई 20-21 लाख टन है, जिसका अर्थ है सप्लाई की कमी होना। कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के कारण ग्वार काउंटर में भी गिरावट हुई

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	06.05.22	12.05.22	(%)
जौ	जयपुर	3,175.40	3,188.60	0.42
चना	दिल्ली	5,013.65	4,945.25	-1.36
धनिया	कोटा	11,790.20	12,093.15	2.57
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	1,586.15	1,570.35	-1.00
गुड़	मुजफ्फरपुर	1,178.70	1,236.80	4.93
ग्वारसीड	जोधपुर	6,096.05	6,111.35	0.25
ग्वारगम	जोधपुर	11,753.15	11,745.30	-0.07
जीरा	ऊंझा	21,119.95	21,442.10	1.53
सरसों	जयपुर	7,398.90	7,301.65	-1.31
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	1,597.50	1,600.00	0.16
सोयाबीन	इंदौर	7,444.20	7,269.55	-2.35
हल्दी	निजामाबाद	8,108.70	8,046.60	-0.77
गेहूं	दिल्ली	2,299.95	2,307.45	0.33
कॉटन	कड़ी	44,460.05	46,372.35	4.30
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	3,001.00	3,036.25	1.17

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	06.05.22	12.05.22	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	2,842.00	2,742.00	-3.52
तांबा	LME	नकद	9,414.50	9,090.00	-3.45
लेड	LME	नकद	2,231.00	2,092.00	-6.23
निकल	LME	नकद	30,076.00	27,810.00	-7.53
जिंक	LME	नकद	3,772.00	3,530.00	-6.42
सोना	COMEX	जून	1,882.80	1,824.60	-3.09
चांदी	COMEX	जुलाई	22.36	20.77	-7.11
लाइट क्रूड	NYMEX	जून	109.77	106.13	-3.32
नेचुरल गैस	NYMEX	जून	8.043	7.739	-3.78

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	06.05.22	12.05.22	बदलाव (%)
सोयाबीन	CBOT	जुलाई	16.22	15.90	-1.97
सोया तेल	CBOT	जुलाई	80.90	82.52	2.00
कॉटन	ICE	जुलाई	143.61	145.53	1.34
सीपीओ	BMD	जुलाई	6,400.00	6,342.00	-0.91

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	06.05.22 क्वांटिटी	12.05.22 क्वांटिटी	अंतर
बाजरा	मी.टन	81	81	0
जौ	मी.टन	100	20	-80
कैस्टर सीड	मी.टन	30352	41308	10956
धनिया	मी.टन	9412	11046	1634
कॉटनऑयलसीडकेक	मी.टन	68882	66078	-2804
ग्वारगम	मी.टन	21716	19870	-1846
ग्वारसीड	मी.टन	33855	31410	-2445
जीरा	मी.टन	8447	8619	172
मक्का	मी.टन	1086	912	-174
सोयाबीन	मी.टन	1383	1116	-267
हल्दी	मी.टन	3511	3913	402

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	06.05.22 क्वांटिटी	12.05.22 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	5,099.93	4,240.66	-859
तांबा	मी.टन	1,674,984.00	1,635,473.00	-39511
सोना	किग्रा	342.00	341.00	-1
सोना गिनी	किग्रा	14,096.00	14,096.00	0
सोना मिनी	किग्रा	15,200.00	13,200.00	-2000
लेड	किग्रा	2,331.86	2,244.36	-88
निकल	किग्रा	182,382.00	167,690.00	-14692
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	45,894.00	32,142.68	-13751
जिंक	मी.टन	742.83	981.60	239

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 06.05.22	स्टॉक की स्थिति 12.05.22	अंतर
एल्युमीनियम	573,600	593,925	20,325
तांबा	168,800	175,875	7,075
निकल	73,608	72,028	-1,580
लेड	38,100	38,175	75
जिंक	93,175	88,475	-4,700

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद* भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	**जीरा**	**जून**	**21790.00**	**11.05.22**	**तेजी**	**21200.00**	**20600.00**	**-**	**20500.00**
NCDEX	ग्वारसीड	जून	6146.00	01.04.22	तेजी	6400.00	5860.00	-	5800.00
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	जून	2926.00	04.04.22	मंदी	3200.00	-	3070.00	3100.00
MCX	रबर	मई	17875.00	14.12.21	मंदी	17800.00	-	17900.00	18000.00
MCX	मेंथा ऑयल	मई	1130.90	31.03.22	तेजी	1070.00	1075.00	-	1070.00
MCX	**बुलडेक्स**	**मई**	**14159.00**	**09.05.22**	**मंदी**	**14500.00**	**-**	**14750.00**	**14800.00**
MCX	**चांदी**	**जुलाई**	**58751.00**	**09.05.22**	**मंदी**	**61500.00**	**-**	**61950.00**	**62000.00**
MCX	**सोना**	**जून**	**50174.00**	**09.05.22**	**मंदी**	**51200.00**	**-**	**51600.00**	**51700.00**
MCX	मेटलडेक्स	मई	19500.00	16.12.21	मंदी	21000.00	-	20400.00	20500.00
MCX	तांबा	मई	744.75	25.04.22	मंदी	79.00	-	785.00	790.00
MCX	लेड	मई	179.80	25.04.22	मंदी	187.00	-	187.00	188.00
MCX	जिंक	मई	306.30	25.04.22	मंदी	365.00	-	318.00	320.00
MCX	निकल	मई	2156.40	25.04.22	मंदी	2500.00	-	2470.00	2500.00
MCX	एल्युमिनियम	मई	232.30	25.04.22	मंदी	262.00	-	258.00	260.00
MCX	एनर्जीडेक्स	जून	9744.00	15.02.22	तेजी	7200.00	9350.00	-	9300.00
MCX	कच्चा तेल	जून	8069.00	15.02.22	तेजी	6800.00	7750.00	-	7700.00
MCX	नेचुरल गैस	मई	598.30	15.02.22	तेजी	320.00	555.00	-	550.00

*12/05/2022 का बंद भाव

नाट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।
2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

लेड (मई) एमसीएक्स

ग्वासीड (जून) एनसीडीईएक्स

जिंक (मई) एमसीएक्स

लेड (मई) एमसीएक्स

एमसीएक्स में लेड(मई) कॉन्ट्रैक्ट 12 मई 2022 को 179.80 रू पर बंद हुआ। 18 अप्रैल 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 194.50 रू के उच्च स्तर पर था। 12 मई 2022 को 179.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्य 37.58 है। 172.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 188.00 रू के टारगेट के लिए 177.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

ग्वासीड (जून) एनसीडीईएक्स

एनसीडीईएक्स में ग्वारसीड(जून)कॉन्ट्रैक्ट 12 मई 2022 को 6113.00 रू पर बंद हुआ। 07 अप्रैल 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 6800.00 रू के उच्च स्तर पर था जबकि 06 मई 2022 को 6070.00 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 40.054 है। 5925.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 6450.00 रू के टारगेट के लिए 6100.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

जिंक (मई) एमसीएक्स

एमसीएक्स में जिंक(मई) कॉन्ट्रैक्ट 12 मई 2022 को 306.30 रू पर बंद हुआ। 18 अप्रैल 2022 को कॉन्ट्रैक्ट 379.50 रू के उच्च स्तर पर था। 13 मई 2022 को 303.05 रू के निचले स्तर पर था।

दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 28.749 है। 320.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 290.00 रू के टारगेट के लिए 310.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

मसाले

पिछले सप्ताह मसालों में निचले स्तरों से रिकवरी दर्ज की गई क्योंकि फिजिकल खरीद में बढ़ोतरी हुई जबकि मौसम के अनुसार आवक सामान्य रही। हल्दी वायदा (जून)की कीमतें 4 सप्ताह के निचले स्तर पर बंद होने के बाद पिछले सप्ताह बढ़त के साथ बंद हुई। लेकिन साप्ताहिक चार्ट पर अभी भी नरमी का रुझान है। सपोर्ट 8130 पर है जबकि रेजिस्टेंस 8750 पर है। यदि कीमतें 8300 के स्तर से ऊपर बनी रहती है तो तेजी के रूझान के साइडवेज कारोबार कर सकती है। स्टॉकिस्टों और व्यापारियों के पास स्टॉक उपलब्ध होने के बावजूद निर्यात में सुधार नहीं हो रहा है। इस बीच दक्षिण भारत में नई फसल की बुवाई तेज हो गई है। स्थिर मांग और हाजिर बाजार में पर्याप्त आपूर्ति की वजह से पिछले एक महीने में हल्दी की कीमतों में करीब 8.5 फीसदी की गिरावट हुई है। फरवरी में, हल्दी का निर्यात पिछले साल के 12,575 टन की तुलना में 17% कम होकर 10400 टन हुआ है जबकि वित्त वर्ष 2021-22 (अप्रैल-फरवरी) के दौरान हल्दी का निर्यात पिछले साल की तुलना में 20% कम होकर 1.37 लाख टन हुआ है लेकिन 5 साल के औसत की तुलना में 8.3% अधिक है।

जीरा वायदा (जून) की कीमतें 6 सप्ताह में पहली बार बढ़त के साथ बंद हुई क्योंकि फिजिकल खरीदारी में बढ़ोतरी हुई है जबकि आवक कम हो रही है। यदि कीमतें 21500 के स्तर से ऊपर बनी रहती हैं तो तेजी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती है। कम उत्पादन अनुमानों के कारण पिछले एक महीने में, जीरा की कीमतों में 4.5% से अधिक की गिरावट हुई है, जबकि वर्ष-दर-वर्ष 57% अधिक है। व्यापारियों को 2021/22 में 5.0-6.0 मिलियन बैग (1 बैग=55 किग्रा) पर जीरा उत्पादन की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष के 8.0-8.5 मिलियन बैग से कम है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2022 में जीरा का निर्यात पिछले वर्ष की समान अवधि के 18300 टन की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष 23.6% कम होकर 14000 टन हुआ है, जबकि वित्त वर्ष 2021/22 (अप्रैल-फरवरी) की अवधि में निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 23% घटकर 2.02 लाख टन रह गया है जबकि पिछले साल 2.62 लाख टन हुआ था।

धनिया वायदा (जून)की कीमतें 3 सप्ताह तक गिरावट के बाद पिछले सप्ताह बढ़त के साथ बंद हुई। कीमतों को अब रेजिस्टेंस 12300 पर है जबकि सपोर्ट 11250 के स्तर पर है। यदि कीमतें रेजिस्टेंस स्तरों से ऊपर बनी रहती हैं, तो कीमतें तेजी के रूझान के साथ 12800 तक कारोबार कर सकती है। हाजिर बाजार में नयी खरीदारी होने से पिछले एक हफ्ते में कीमतों में 5.6% की बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान में उत्पादन में कमी की आशंका से कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 77.5% अधिक हैं और जनवरी 2022 के बाद से 34% अधिक हैं। प्रोसेसर और व्यापारी अपनी वर्तमान आवश्यकता के अनुसार खरीद रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2022 में धनिया का निर्यात 5.5% बढ़कर 3320 टन हो गया, जो पिछले साल 3150 टन था। जबकि वित्त वर्ष 2021/22 (अप्रैल-फरवरी) में निर्यात पिछले वर्ष के 51,500 टन की तुलना में 13.7 फीसदी घटकर 44,450 टन रह गया है लेकिन 5 साल के औसत की तुलना में 11% अधिक है।

अन्य कमोडिटीज

घरेलू कपड़ा उद्योगों से लगातार मांग के कारण कॉटन वायदा (मई) की कीमतें फिर से 49250 के अब तक के एक नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। इसी तरह, अमेरिकी कपास की अधिक निर्यात मांग और प्रतिकूल मौसम से आपूर्ति की चिंताओं के कारण अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी का रुख देखा गया। अब कीमतों को 46500 पर सपोर्ट और 49250 पर रेजिस्टेंस है और यदि कीमतें रेजिस्टेंस स्तर से ऊपर कारोबार करती है तो तेजी बरकरार रह सकती है। उत्पादन में कमी की आशंका, धीमी आवक, बेहतर घरेलू और निर्यात मांग के कारण वर्तमान समय में कपास की कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 123% अधिक हैं और पिछले एक महीने में लगभग 11.8% बढ़ी है। यूएसडीए ने वैश्विक कपास उत्पादन में पिछले महीने की तुलना में 18 लाख गांठ की कटौती की, जिसका मुख्य कारण भारत में कपास उत्पादन में 10 लाख गांठ की कमी है। सीएआई के अनुसार, घरेलू कपास की आवक पिछले साल की तुलना में 25% या 88.95 लाख गांठ घटकर 238 लाख गांठ रह गई है और अप्रैल में कपास उत्पादन के अनुमान को पिछले 343 लाख गांठ के अनुमान की तुलना में 8 लाख गांठ कम होकर 335.18 लाख गांठ कर दिया।

ग्वारसीड वायदा (जून) की कीमतों में पिछले सप्ताह 8 सप्ताह के निचले स्तर से कुछ रिकवरी हुई। अब कीमतों को 5900 के स्तर पर अच्छा सपोर्ट हैं, जबकि 6300 पर रेजिस्टेंस है और यदि कीमतें रेजिस्टेंस स्तरों से ऊपर बनी रहती है, तो 6600 तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। पिछले एक महीने में कीमतों में लगभग 7.3% की गिरावट हुई है, जिससे खरीदारों को बढ़ावा मिल सकता है क्योंकि आने वाले हफ्तों में निर्यात में सुधार की उम्मीद है। वर्तमान में, पिछले 5 वर्षों में सबसे कम उत्पादन, कई वर्षों में कम स्टॉक और अच्छी निर्यात मांग की संभावना से कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 42% अधिक हैं। ग्वारगम के निर्यात से कीमतों को समर्थन मिल सकता है क्योंकि अमेरिका में तेल-रिग की संख्या में सुधार हो रहा है। अमेरिकी तेल रिगों की संख्या भी पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 213 बढ़कर 557 हो गई है। फरवरी 2022 में, ग्वारगम का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 55.6% बढ़कर 31000 टन हो गया है, जबकि 2021/22 (अप्रैल-फरवरी) में निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 40% बढ़कर 2.95 लाख टन हुआ है।

अरंडी वायदा (जून) की कीमतों ने पिछले हफ्ते तेजी के रूझान के साथ 7300 के रेजिस्टेंस स्तर को पार कर लिया। अब रेजिस्टेंस 7550 के स्तर के पास है जबकि सपोर्ट 7200 पर है। कीमतें इसी दायरे में कारोबार कर सकती है लेकिन रेजिस्टेंस से ऊपर बने रहने से 8000 के स्तर की ओर बढ़ सकती है। कम उत्पादन अनुमान के कारण वर्तमान में अरंडी की कीमतें वर्ष-दर-वर्ष 44% अधिक हैं, जबकि इस वर्ष कीमतों में 25% से अधिक की वृद्धि हुई है। अरंडी की मांग-आपूर्ति का संतुलन तेजी के पक्ष में है क्योंकि 2021-2022 के लिए अनुमानित खपत लगभग 19-20 लाख टन है जबकि उत्पादन और कैरी ओवर स्टॉक मिलाकर कुल सप्लाई 20-21 लाख टन है। ऊंची कीमतों के बावजूद निर्यात पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है। इस सीजन में कीमतों में 30% की वृद्धि के कारण वित्त वर्ष 2011/22 में अरंडी के तेल का निर्यात 4.5% बढ़कर 6.55 लाख टन हो गया। लेकिन जनवरी-मार्च अवधि के दौरान निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 17% कम होकर 1.4 लाख टन हुआ है। मार्च 2022 में कैस्टर मील का निर्यात वर्ष-दर-वर्ष 10% बढ़कर 32771 टन हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2021/22 में कुल निर्यात पिछले वर्ष के 4.20 लाख टन से लगभग 4.3% घटकर 4.01 लाख रह गया।

सर्राफा

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत तीन महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है। डॉलर के मजबूत होने के कारण कीमतों में गिरावट हुई है जबकि निवेशकों को अमेरिकी मासिक मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार है, जो फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति के रुख और बुलियन की मांग को प्रभावित कर सकता है। कीमतों में लगातार गिरावट हो रही है क्योंकि जून की मौद्रिक नीति में फेड द्वारा दरों में बंपर वृद्धि की संभावना से कीमती धातु पर दबाव पड़ रहा है। सोने की कीमतें 1,832.07 डॉलर के निचले स्तर से नीचे जाने के बाद से गिरावट दर्ज कर रही है। बिकवाली के बरकरार रहने से सोने की कीमतों के 1,800.00 डॉलर के मनोवैज्ञानिक सपोर्ट के करीब पहुंचने की उम्मीद है। अमेरिकी प्रशासन आर्थिक आंकड़ों के मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। अमेरिकी नॉनफार्म पेरोल के उत्साहजनक आंकड़ों, अपेक्षा से अधिक अमेरिकी सीपीआई, और मजबूत पीपीआई आंकड़ें फेड द्वारा आक्रामक रुख को जारी रखने का समर्थन कर रहे हैं। सख्त श्रम बाजार और तेजी से बढ़ते मुद्रास्फीति के दबावों ने फेड के लिए ब्याज दरों को बढ़ाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं छोड़ा है। अमेरिकी डॉलर डॉलर इंडेक्स ने अपने 20 साल के एक नए उच्च स्तर 104.93 पर पहुंच गया है, जब अमेरिकी ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स के अनुसार अमेरिकी वार्षिक पीपीआई 11% पर पहुंच गया है, जो 10.7% के पूर्वानुमान से अधिक है। तकनीकी स्तर पर कोमेक्स में सोने की की कीमतें 1830 डॉलर से काफी नीचे कारोबार कर रही हैं जो संकेत देता है कि यदि कीमतें 1800 के स्तर से नीचे रहती हैं तो निकट भविष्य में अधिक बिकवाली देखी जा सकती है। छोटी अवधि में कीमतों को 1850 डॉलर के पास रेजिस्टेंस है। इस सप्ताह में एमसीएक्स पर सोने की कीमत मंदी के रुख के साथ कारोबार करना जारी रख सकती है, जहां हमें सपोर्ट स्तर से कुछ उछाल देखने को मिल सकता है और कीमतें 48900-51500 के दायरे में कारोबार कर सकती है। चांदी भी की कीमतें अधिक उतार-चढ़ाव के साथ 56000-60800 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

तेल की कीमतों में तीन सप्ताह में पहली साप्ताहिक गिरावट हुई क्योंकि मुद्रास्फीति और चीन के कोविड लॉकडाउन के कारण वैश्विक विकास के धीमेपन से रूस से घटती ईंधन आपूर्ति के बारे में चिंताएं दूर हो गई। लेकिन दोनों बेंचमार्क की कीमतों में साप्ताहिक स्तर पर गिरावट हुई है । ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 3% और डब्ल्यूटीआई कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 2% की गिरावट दर्ज की गई। रूसी तेल की आपूर्ति पर यूरोपीय संघ के प्रतिबंध की संभावना और कमजोर वैश्विक विकास से मांग और सप्लाई को लेकर चिंताओं को लेकर कीमतों में उठापटक देखने को मिल रही है। रूस द्वारा प्रतिबंधों के मोर्चे पर वृद्धि से तेल की कीमत को मदद मिलने की संभावना है। मुद्रास्फीति और दरों में आक्रामक वृद्धि के कारण अमेरिकी डॉलर 20 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जिसने तेल की कीमतों में बढ़ोतरी को रोक दिया है क्योंकि मजबूत डॉलर अन्य मुद्राओं में खरीदे जाने पर तेल को अधिक महंगा बना देता है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्ट ने गुरुवार को बाजार में द्वंद्वात्मक कारकों पर प्रकाश डाला, जिसमें कहा गया है कि मध्य पूर्व और संयुक्त राज्य अमेरिका में तेल उत्पादन में वृद्धि और मांग में कमी से रूसी आपूर्ति में व्यवधान और आपूर्ति में भारी कमी की भरपायी होने संभावना है। इस सप्ताह में कीमतों में दोनों तरफ की हलचल जारी रहेगी और कीमतें 7780-8400 के दायरे में कारोबार कर सकती है। साप्ताहिक गैस भंडारण अनुमान से कम बढ़ोतरी और रूसी गैस की आपूर्ति चिंताओं से यूरोपीय गैस की कीमतों में उछाल के कारण नेचुरल गैस की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। ईआईए के अनुसार अर्थव्यवस्था बढ़ने के साथ अमेरिकी नेचुरल गैस के उत्पादन और मांग दोनों 2022 में बढ़ोतरी होगी। तकनीकी रूप से बाजार में नयी खरीदारी हो रही है क्योंकि बाजार में ओपन इंटरेस्ट में 2.96% की बढ़त देखी गई है। इस सप्ताह में नेचुरल गैस की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।

बेस मेटल

बेस मेटल की कीमतें नरमी के रूझान के साथ कारोबार कर सकती हैं क्योंकि शीर्ष धातु उपभोक्ता चीन में कोविड लॉकडाउन,, यूक्रेन में युद्ध और ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि, सभी अर्थव्यवस्था और धातुओं की मांग को नुकसान पहुंचा रहे है। लेकिन निचले स्तर की खरीदारी से इनकार नहीं किया जा सकता है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित प्रमुख केंद्रीय बैंक, बढ़ती मुद्रास्फीति से निपटने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि कर रहे हैं, जिससे आर्थिक मंदी की चिंता बढ़ रही है। फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए अमेरिकी केंद्रीय बैंक की लड़ाई में 'कुछ दर्द शामिल होगा' क्योंकि उच्च ब्याज दरों का प्रभाव महसूस किया जाता है, लेकिन कीमतों में आगे भी तेजी जारी रहने से इससे भी बदतर परिणाम होगें। ब्रिटेन और यूरो क्षेत्र के केंद्रीय बैंकरों ने सुझाव दिया है कि ब्याज दरों में वृद्धि होगी। चीन शंघाई और बीजिंग में प्रतिबंध बढ़ाकर कोविड-19 के प्रकोप को रोकने के लिए संघर्ष कर रहा है। डॉलर के मुकाबले युआन सितंबर 2020 के बाद से सबसे कमजोर स्तर पर गिर गया है, जिससे चीन में धातुएं महंगी हो गई। तांबे की कीमतें 730-765 के दायरे में कारोबार कर सकती है। अप्रैल में चीन की कुल वाहन बिक्री एक साल पहले की तुलना में लगभग 48% कम हो गई, क्योंकि लॉकडाउन ने कारखानों और शोरूमों को प्रभावित किया, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में वृद्धि हुई और चीनी ब्रांडों ने वैश्विक प्रतिद्वंद्वियों से हिस्सा लिया। सरकारी रिसर्च हाउस एंटाइक के अनुसार अप्रैल में चीन का कैथोड उत्पादन मासिक और वार्षिक दोनों आधार पर कम हो गया क्योंकि स्मेल्टरों के रखरखाव और कोविड-19 के प्रकोप के कारण धातु के उत्पादन बंद हो गया। निकल की कीमतें नरमी के रूझान के साथ 2050-2250 के दायरे में कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें 220-245 के दायरे में कारोबार कर सकती है। जिंक की कीमतें नरमी के रूझान के साथ 295-320 के दायरे में कारोबार कर सकती है। 295-320 के दायरे में कारोबार कर सकता है। चीन में 52 प्रमुख स्मेल्टरों से रिफाइंड जिंक का उत्पादन पिछले महीने की तुलना में अप्रैल में बढ़ा। लेड की कीमतें 175-187 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

गेहूं निर्यात..... दुनिया की खाद्य सुरक्षा

यूक्रेन पर हो रहे रूसी आक्रमण और इसके परिणामस्वरूप ईंधन की बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति से लेकर भोजन की कमी तक विश्व स्तर पर अनगिनत संकटों का सामना करना पड़ रहा हैं क्योंकि रूस और यूक्रेन दुनिया के दो सबसे बड़े अनाज और ईंधन उत्पादक और आपूर्तिकर्ता हैं। संकट ने उस समय आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर दिया जब कई देश पहले से ही जलवायु परिवर्तन उत्पन्न होने वाली चरम मौसम की घटनाओं और अन्य मुद्दे, जो महामारी से बढ़ रहे हैं-बढ़ती असमानता और आपूर्ति श्रृंखला की समस्या के कारण खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। रूसी आक्रमण ने काला सागर में शिपिंग को बाधित कर दिया है, जो अनाज और अन्य वस्तुओं की आवाजाही के लिए एक प्रमुख मार्ग है, जिससे यूक्रेन और रूस से निर्यात कम हो रहा है।

भारत गेहूँ के प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा

रूसी और यूक्रेनी गेहूं की आपूर्ति के अभाव में, भारत खाद्यान्न के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा, क्योंकि रूस, दुनिया का सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक, प्रतिबंधों से जूझ रहा है, और शीर्ष गेहूं आयातक भारत से अनाज खरीदने के लिए पहली बार कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम ने सोमालिया, केन्या और जिबूती को आपूर्ति करने के लिए भारत से गेहूं की आपूर्ति की।

भारत ने अप्रैल में रिकॉर्ड 1.4 मिलियन टन गेहूं का निर्यात किया। मई में निर्यात 1.5 मिलियन टन तक बढ़ सकता है। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े गेहूं उत्पादक देश भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 में रिकॉर्ड 7.85 मिलियन टन अनाज का निर्यात किया। हाल के हफ्तों में कई देश भारतीय गेहूं के लिए कतार में खड़े हैं। तुर्की ने हाल ही में 50,000 टन गेहूं के ऑर्डर दिए हैं। एक महीने पहले, मिस्र, रूसी और यूक्रेनी गेहूं के दुनिया के सबसे बड़े आयातक, ने भारत को एक मिलियन टन आयात करने के लिए एक नए आपूर्तिकर्ता के रूप में मंजूरी दी है । भारत ने दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व, यूरोप और उत्तरी अफ्रीका को गेहूं का निर्यात किया है। व्यापारियों ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में निर्यात 12 मिलियन टन तक पहुंच सकता है, जिससे यह वैश्विक बाजारों में एक अहम निर्यातक बन गया है।

गेहूं निर्यात के पीछे अहम कारक

- भारतीय व्यापारियों ने विश्व बाजार में गेहूँ की रिकॉर्ड उच्च कीमतों का लाभ उठाया है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण ने काला सागर क्षेत्र से, जिसका वैश्विक गेहूं निर्यात का 30% हिस्सा है, आपूर्ति बाधित होने की आशंकाओं को बढ़ावा दिया है। इस कारण पिछले सप्ताह वैश्विक स्तर पर गेहूं की कीमतें 14 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई है।
- वैश्विक कीमतों में तेजी और डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में रिकॉर्ड गिरावट से भी भारतीय विक्रेताओं के लिए गेहूं का निर्यात काफी आकर्षक हो गया है।
- भारतीय व्यापारियों ने 330 डॉलर से 335 डॉलर प्रति टन के बीच गेहूं निर्यात सौदों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो प्रतिद्वंद्वी आपूर्तिकर्ताओं की तुलना में लगभग 50 डॉलर प्रति टन सस्ता है, लेकिन स्थानीय कीमतों से काफी अधिक है।
- लगातार पांच वर्षो तक रिकॉर्ड उत्पादन के बाद भारतीय गोदाम गेहूं से भरा हुआ हैं।
- भारतीय गेहूं की गुणवत्ता के बेहतर होने से भारत के निर्यात को भी मदद मिली है। भारत का गेहूं अब अन्य प्रमुख वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं के किसी भी उच्च गुणवत्ता वाले गेहूं जितना ही अच्छा है। 12% से 13% प्रोटीन वाला भारतीय गेहूं अब बहुत आम है और इसकी तुलना ऑस्ट्रेलिया के प्रीमियम व्हाइट गेहूं में 11.5% से 12% प्रोटीन होता है।
- आंतरिक आवाजाही के बेहतर होने जैसे रेलवे कारों की उपलब्धता और भारतीय बंदरगाहों पर कार्गो हैंडलिंग क्षमता में वृद्धि ने पिछले कुछ हफ्तों में भारत से शिपमेंट को आकर्षक बना दिया है और इससे आने वाले महीनों में अधिक गेहूं निर्यात करने में मदद मिलेगी।

भारत से बढ़ते गेहूं निर्यात के कारण उन किसानों को मदद मिली है जिन्हें उनकी फसल का बेहतर रिटर्न मिल रहा है। गेहूं के निर्यात में आई तेजी वास्तव में किसानों के लिए सोने की खदान बन गई है। यह देश और राज्य की अनाज खरीद एजेंसी पर भी दबाव कम कर रहा है, जो अंतिम उपाय के खरीदार के रूप में भारी कर्ज उठाती है।



स्रोत: भारतीय कृषि मंत्रालय और एपीडा

एसएमसी रिसर्च डेस्क

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor , Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।